दैनिक जागरण

PAGE NO 8. MIDDLE

देवमूर्ति को उद्यमी रत्न से किया सम्मानित

कृष्णा लॉन में शुक्रवार को आइआइए के पदाधिकारियों ने किया देवमूर्ति का सम्मान •

जागरण संवाददाता, बरेली : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइआइए) की ओर से शुक्रवार शाम सिविल लाइंस स्थित कृष्णा लॉन में सम्मान समारोह व डायरी विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार, विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम, आइआइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य समेत अन्य ने डायरी का विमोचन किया। इसके बाद सभी ने देवमूर्ति को बरेली उद्यमी रत्न से सम्मानित किया। भारतभूषण शील ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। देवमूर्ति ने सम्मान को गौरवपूर्ण क्षण बताया और अपने जीवन के संघर्षों को सबके साथ साझा किया व युवा उद्यमियों को प्रेरणा प्रदान की। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ने संस्था के सामाजिक कार्यों का बखान किया। डायरी की भी तारीफ की। महापौर ने संघ के सदस्यों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डायरी की तारीफ करते हुए लखनऊ से बरेली चैप्टर को हर सहायता देने का वादा किया। इससे पूर्व आइआइए चैप्टर चेयरमैन चंद्र भूषण सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया।

डायरी चेयरमैन उन्मुक्त संभव ने डायरी की विशेषताओं के बारे में बताया। सुरेश सुंदरानी ने सभी का धन्यवाद दिया। इस दौरान सचिव आशुतोष शर्मा, अभिमन्यु खटवानी, मनोहर लाल थीरवानी, दिनेश गोयल, एसके सिंह, संदीप हरि, घनश्याम खंडेलवाल, नीरज गोयल अभिनव कटरू आदि मौजूद रहे।